भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
व्यय विभाग

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न संख्या †1109**

*सोमवार, 02 दिसम्बर ,2024/ 11 अग्रहायण, 1946(शक)*

**पूर्वोत्तर राज्यों को वित्तीय सहायता**

**†1109. श्री दिलीप शइकीया :**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे की दृष्टि से पिछड़े राज्यों के बारे में कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने आर्थिक, मानव संसाधन और बुनियादी ढांचे के विकास के अवसरों को बढ़ाने के लिए कोई नई योजना तैयार की है और यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस योजना के अंतर्गत असम सहित देश के पूर्वोतर राज्यों को कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है या प्रदान किए जाने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) और (ख): जी नहीं, नीति आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार पिछले तीन वर्षों के दौरान पिछड़े राज्यों में अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे के विकास के संबंध में ऐसा कोई आकलन नहीं किया गया है।

(ग) और (घ):पूंजीगत व्यय, जिसका उच्च गुणक प्रभाव होता है और अर्थव्यवस्था की उत्पादक क्षमता में वृद्धि होती है, को बढ़ावा देने में राज्यों की सहायता करने के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा 2020-21 से प्रत्येक वर्ष पूंजीगत व्यय/निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता के लिए योजनाएं तैयार और कार्यान्वित की गयी हैं। इन योजनाओं के तहत, राज्यों को 50 वर्ष के ब्याज मुक्त ऋण के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों सहित राज्यों को वर्षवार प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विवरण अनुबंध में दिया गया है ।

*****

**दिनांक 02 दिसंबर, 2024,दिनसोमवार को उत्तर दिए जाने वाले लोकसभा लिखित प्रश्न संख्या †1109 का अनुबंध**

**पूंजीगत व्यय/निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता**के लिएयोजना**के अंतर्गत प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विवरण:**

**(करोड़ रुपए में)**

| क्र. सं. | राज्यों के नाम | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 (24.11.2024 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 688.00 | 501.79 | 6105.56 | 4090.81 | 2616.27 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 232.97 | 371.19 | 1564.10 | 2363.42 | 0.00 |
| 3 | असम | 450.00 | 600.00 | 4300.14 | 5804.43 | 3181.97 |
| 4 | बिहार | 843.00 | 1246.50 | 8455.85 | 8814.80 | 5408.88 |
| 5 | छत्तीसगढ | 286.00 | 423.00 | 2941.97 | 3365.25 | 2136.81 |
| 6 | गोवा | 97.66 | 111.04 | 572.75 | 695.20 | 178.79 |
| 7 | गुजरात | 285.00 | 432.00 | 4045.82 | 4254.32 | 2037.72 |
| 8 | हरियाणा | 91.00 | 135.00 | 1267.00 | 1702.05 | 0.00 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 533.00 | 800.00 | 650.80 | 1515.97 | 427.55 |
| 10 | झारखंड | 277.00 | 246.00 | 2964.32 | 4580.61 | 1210.73 |
| 11 | कर्नाटक | 305.00 | 451.50 | 3399.35 | 3879.24 | 2272.87 |
| 12 | केरल | 81.50 | 238.50 | 1902.74 | 0.00 | 0.00 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 1320.00 | 1512.36 | 7360.20 | 12636.21 | 5074.94 |
| 14 | महाराष्ट्र | 514.00 | 771.73 | 6744.16 | 5376.31 | 2617.70 |
| 15 | मणिपुर | 317.16 | 212.85 | 467.22 | 542.70 | 38.36 |
| 16 | मेघालय | 200.00 | 281.20 | 1049.02 | 1293.06 | 577.01 |
| 17 | मिजोरम | 200.00 | 299.99 | 297.50 | 743.28 | 181.50 |
| 18 | नागालैंड | 200.00 | 300.00 | 504.16 | 973.20 | 249.92 |
| 19 | ओडिशा | 471.50 | 517.12 | 75.00 | 3532.14 | 3085.44 |
| 20 | पंजाब | 296.50 | 223.50 | 798.22 | 0.00 | 0.00 |
| 21 | राजस्थान | 1002.00 | 692.41 | 5595.64 | 8513.42 | 4552.01 |
| 22 | सिक्किम | 200.00 | 300.00 | 551.36 | 797.85 | 322.98 |
| 23 | तमिलनाडु | 0.00 | 505.50 | 4011.27 | 5326.42 | 1990.93 |
| 24 | तेलंगाना | 358.00 | 214.14 | 2500.98 | 1948.34 | 0.00 |
| 25 | त्रिपुरा | 300.00 | 118.54 | 349.79 | 662.92 | 425.71 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 976.00 | 1483.00 | 7940.50 | 19215.08 | 7007.93 |
| 27 | उत्तराखंड | 675.00 | 263.92 | 1124.01 | 1911.71 | 559.16 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 630.00 | 933.00 | 3655.92 | 5015.58 | 4416.23 |
| **कुल** | | **11830.29** | **14185.78** | **81195.35** | **109554.32** | **50571.42** |